खाटूवाले जैसा कोई भी नहीं| by Roshni Sharma

जग रखवाला मेरा श्याम श्याम श्याम
भक्तों का प्यारा मेरा श्याम श्याम श्याम

मैंने घूमा हिन्दुस्तान सारा, छाना ये जहान सारा
खाटूवाले श्याम जैसा कोई भी नहीं
छोटे सेठ ये हैं जग के सारे , बनते साहूकार न्यारे
दाता एक श्याम जैसा कोई भी नहीं
रखवाला श्याम प्रतिपाला श्याम
डीनो का एक सहारा श्याम
ये एक नाम करता कल्याण
भेज श्याम श्याम रट श्याम श्याम

दर पे हारों को जिताता ये , रोतों को हंसाता ये
बिगड़ी बनाता बाबा श्याम
जिसे जग ठुकराता है उसे अपनाता है
गले से लगाता बाबा श्याम
साँचा साँचा सांवरे का द्वारा
पापियों को जिसने तारा
धाम खाटूधाम जैसा कोई भी नहीं

बंजारों को छाँव दे , डूबतों को नाव दे
ऐसा है दयालु बाबा श्याम
जो भी अंतर्मन से नाम ले उसको आके थाम ले
ऐसा है कृपालु बाबा श्याम
गोलू शरण में आजा प्यारे हो जाएंगे वारे न्यारे
कृपा निधान जैसा कोई भी नहीं

हम तो प्रेम की बाजी सारी हारे, लगते बेगाने सारे , बहरूपियों का ये जहाँ
मतलब हो तो सारे साथ निभाते बिन मतलब हाथ छुड़ाते
श्याम सा साथी है कहाँ
मैंने घूमा हिन्दुस्तान सारा.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%9c%e0%a5%88%e0%a4%b8%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%8b%e0%a4%88-%e0%a4%ad%e0%a5%80-%e0%a4%a8%e0%a4%b9%e0%a5%80%e0%a4%82-by-ro/